**भारत सरकार**
**जल शक्ति मंत्रालय**
**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *61**
**जिसका उत्तर 02 दिसंबर, 2021 को दिया जाना है।**
**.....**

**केन-बेतवा लिंक परियोजना**

***61. श्री विष्णु दत्त शर्मा:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन-बेतवा लिंक परियोजना (केबीएलपी) के विभिन्न घटकों के विकास की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केबीएलपी तय की गई समय-सारिणी के अनुसार और बिना किसी विलंब के कार्यान्वित की जा रही; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

**जल शक्ति मंत्री (श्री गजेंद्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग) विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

**"केन-बेतवा लिंक परियोजना" से संबंधित तारांकित प्रश्न संख्या *61 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण जिसका उत्तर 02.12.2021 को दिया जाना है:**

(क) से (ग): केन-बेतवा लिंक परियोजना (केबीएलपी) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी कर ली गयी है।

विस्तृत डीपीआर के अनुसार, केबीएलपी के तहत, कुल वार्षिक सिंचाई 10.62 लाख हेक्टेयर है जिसमें मध्य प्रदेश में 8.11 लाख हेक्टेयर और उत्तर प्रदेश में 2.51 लाख हेक्टेयर शामिल है। केबीएलपी का उद्देश्य बुंदेलखंड क्षेत्र में मध्य प्रदेश के छत्तरपुर, टीकमगढ, पन्ना, सागर, दामोह और दातिया जिलों एवं उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के विदिशा, शिवपुरी और रायसेन जिलों को लाभ मुहैया करवाना है। इस परियोजना में इस क्षेत्र की तकरीबन 62 लाख की आबादी को भी पेयजल आपूर्ति मुहैया करवाना परिकल्पित किया गया है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 22.03.2021 को माननीय प्रधानमंत्री के उपस्थिति में माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्रियों द्वारा संयुक्त रूप से एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए। 44,605 करोड़ रूपए (वर्ष 2020-21 के मूल्य स्तर के अनुसार) की संशोधित लागत के साथ इस परियोजना का आकलन किया गया है और लोक निधियन बोर्ड (पीआईबी) द्वारा केंद्रीय वित्तपोषण की सिफारिश की गई है।

*****